तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 02 अप्रैल 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सुरक्षा बलों के अदम्य साहस के कारण ही प्रदेश...



12 सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति ...



## खबर संक्षेप

### देसी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद**। बागबाहरा पुलिस ने डोंगरीपारा नर्सरी के पास नवागांव में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश सोनवानी पिता स्व रमेश सोनवानी (33 वर्ष) वार्ड नं 10 नवागांव बागबाहरा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खेत में लगे पंप का स्टार्टर चोरी

**महासमुंद**। ग्राम अरंड के अमलीदार खार स्थित खेत में पंप में लगा स्टार्टर चोरी के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सेतराम पटेल पिता दसरथ पटेल (60 साल) ने बताया कि 29 मार्च की दरमियानी रात उसके खेत लगे स्टार्टर को किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। खोजबीन करने के बाद पता चला कि स्टार्टर को गांव के बसंत नेताम पिता प्रदीप नेताम द्वारा चोरी किया गया है। जिसने पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। ग्राम दर्राभांठा में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम दर्राभाठा स्थित 132 केवी के पास से आरोपी शैलेंद्र दास पिता सेवक दास (45 साल) निवासी ग्राम बिजातीपाली के कब्जे से 16 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3200 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल यादव पिता बिसाहू यादव (38 साल) वार्ड नं. 03 सांकरा के होटल से कुल 13 नग जम्मू शराब व 26 नग शेरा छाप देशी प्लेन शराब कुल 39 नग कीमती 3640 रुपए को बरामद किया।

# हनुमान जन्म पर मनेगा उत्सव, बन रहा है विशेष शुभ संयोग

## नगर में होगा शोभायात्रा का आयोजन, सुबह-शाम होगी विशेष आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदू धर्म में चैत्र मास की पूर्णिमा का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी पावन तिथि पर भगवान राम के परम भक्त और साहस के प्रतीक हनुमान का जन्म हुआ था। जिले सहित पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव आज 2 अप्रैल, गुरुवार को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष का जन्मोत्सव आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों और स्थानीय पुजारियों के अनुसार, इस बार ग्रहों और नक्षत्रों का ऐसा अद्भुत संयोग बन रहा है जो भक्तों को विशेष फल प्रदान करेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल को सुबह 7:06 बजे प्रारंभ होगी और 2 अप्रैल को सुबह 7:41 बजे समाप्त होगी। धार्मिक मान्यताओं में उदया तिथि (सूर्योदय के समय की तिथि) का विशेष महत्व होता है, इसलिए हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को ही मनाया जाएग। ब्रह्म मुहूर्त, सुबह 4:38 बजे से 5:24 बजे तक, प्रातः काल पूजा, सुबह 6:10 बजे से 7:44 बजे तक। अभिजीत मुहूर्त, दोपहर 12:00 बजे से 12:50 बजे तक, संध्या आरतीः शाम 6:39 बजे से रात 8:06 बजे तक रहेगा।

### ध्रुव योग और हस्त नक्षत्र का दिव्य संगम

इस साल हनुमान जयंती पर ध्रुव योग और हस्त नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। हस्त नक्षत्र शाम 5:38 बजे तक रहेगा, जबकि ध्रुव योग दोपहर तक प्रभावी रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ध्रुव योग स्थिरता और सफलता का प्रतीक है। साथ ही, मंगल ग्रह का मीन राशि में गोचर करना उन लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा जिनकी कुंडली में मंगल दोष या अन्य समस्याएं हैं। इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और आत्मबल में वृद्धि होती है।



### निकलेगी भव्य शोभायात्रा, भवानी मंदिर से राम मंदिर तक सजेगा नगर

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आज नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन बरोडा चौक स्थित भवानी मंदिर से शुरू होगा। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी और अंत में गांधी चौक स्थित राम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। इस दौरान भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मंदिरों में विशेष तैयारी

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर के हनुमान मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य अंतिम चरणों में है। स्थानीय पुजारियों का कहना है कि हनुमान जी भगवान शिव के रुद्रावतार हैं। इस दिन सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का सामूहिक गायन और महाआरती नगर एवं ग्रामीण इलाकों मे शोभा यात्रा का विशेष आयोजन किए जाएंगे। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मान्यता है कि इस विशेष संयोग में संकटमोचन की आराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## समस्या : राशन कार्ड के आधार पर वसूले जा रहे टैक्स ने बढ़ाई ग्रामीणों की चिंता

# बुनियादी सुविधाओं का अभाव, फिर भी ग्रामीणों पर मकान टैक्स की मार, बन रही मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मकान टैक्स की वसूली को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। एक तरफ जहां गांवों में नाली, साफ-सफाई और घर-घर कचरा संग्रहण जैसी बुनियादी सुविधाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर राशन कार्ड के आधार पर वसूले जा रहे टैक्स ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 77 के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा वसूला जाने वाला संपत्ति कर अब जिले में विवाद का विषय बनता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि पंचायतों द्वारा मनमाने तरीके से कर निर्धारित कर वसूली की जा रही है, जिससे आमजन खासकर गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिले के कई गांवों से यह



बात सामने आई है कि पंचायत स्तर पर मकान टैक्स का निर्धारण मकान की बनावट या क्षेत्रफल के बजाय राशन कार्ड की संख्या के आधार पर किया जा रहा है।

नियमानुसार एक मकान पर एक ही मकान टैक्स देय होना चाहिए, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। यदि एक ही घर में दो सगे भाई रह रहे हैं और उनके पास अलग-अलग राशन कार्ड हैं, तो उनसे दो अलग-अलग घरों का टैक्स वसूला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे एक ही छत के नीचे रहते हैं, घर का बंटवारा भी नहीं हुआ है, केवल शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड अलग बनवाए गए हैं। इसके बावजूद उनसे दोगुना कर लिया जाना समझ से परे है। वहीं, ग्रामीण धनीराम का कहना है हमसे हर साल टैक्स लिया जाता है, लेकिन हमारे मोहल्ले में न तो कचरा उठाने की गाड़ी आती है और न ही पानी की निकासी के लिए नाली बनी है। बारिश के दिनों में कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। जब सुविधा नहीं मिल रही, तो टैक्स की राशि इतनी ज्यादा क्यों रखी गई है। इसी प्रकार गांव की महिला जानकी बाई ने बताया है कि नल जल योजना के तहत पाइप तो बिछ गए हैं, लेकिन पानी नियमित रूप से नहीं आता। इसके बाद भी हमसे भारी-भरकम कर की वसूली की जा रही है। राशन कार्ड को आधार बनाकर टैक्स वसूलना न्यायसंगत नहीं है।

### सुविधाओं के नाम पर शून्य, टैक्स हजार रुपए तक

गांवों में सफाई व्यवस्था की स्थिति काफी जर्जर है। अधिकतर गलियों में पक्की नालियां नहीं हैं, जिससे घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहता है। कचरा उठाने के लिए कोई वाहन या कर्मचारी घर तक नहीं पहुंचता, फिर भी हर घर से 200 से हजार रुपये से अधिक की कर वसूली की जा रही है। रामलाल निषाद ने अपनी समस्या बताते हुए कहा मेरे घर में हम दो भाई रहते हैं। घर एक ही है, लेकिन हम दोनों का राशन कार्ड अलग है। पंचायत की ओर से हम दोनों से अलग-अलग मकान टैक्स मांगा जा रहा है। एक ही घर के लिए दो बार पैसे देना हमारे जैसे गरीब मजदूरों के लिए कठिन है।

### गांवों में समस्या का अंबार

दोहरी वसूली, एक मकान में रहने वाले अलग-अलग राशन कार्ड धारकों से अलग-अलग टैक्स लिया जाना। सफाई का अभाव,गांवों में नियमित साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का न होना। नालियों के अभाव में सड़कों पर जलभराव की स्थिति। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में यह विषय चर्चा का केंद्र बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि मकान टैक्स का निर्धारण राशन कार्ड के बजाय मकान की भौतिक स्थिति के आधार पर किया जाए और वसूली जाने वाली राशि के बदले गांव में बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्की नालियां और स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता दी जाए।

# जिले को मिली 8 नई एंबुलेंस, विधायक एवं कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य कार्यालय से महासमुंद को 08 नई एंबुलेंस की सौगात मिली। इन एंबुलेंस को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन लाल पटेल एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जीवनदायिनी 108 एंबुलेंस सेवा राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। नई एंबुलेंस के जुड़ने से आपातकालीन सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी तथा मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नई एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार उपलब्ध कराना जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और ये एंबुलेंस इस दिशा में अहम साबित होंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि इन एंबुलेंस में इनक्यूबेटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सक्शन पंप, नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन मशीन सहित अन्य जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही मरीजों को त्वरित एवं प्राथमिक उपचार देने के लिए आवश्यक दवाइयों की भी समुचित व्यवस्था की गई है। नई एंबुलेंस के शुरू होने से जिले में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच और तेज होगी। विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों को समय पर सहायता मिल सकेगी। गंभीर मरीजों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाकर उपचार की संभावना बढ़ेगी तथा एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार मिलने से गोल्डन ऑवर का बेहतर उपयोग हो सकेगा। इससे जिले का स्वास्थ्य तंत्र और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे एवं नागरिकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जलकी में छग स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का शुभारंभ कल

**महासमुंद**। आदर्श ग्राम जलकी, छपोराडीह सिरपुर (जिला महासमुंद) में छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन 2026 का आयोजन 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेशभर की प्रसिद्ध मानस मंडलियां भाग लेंगी। इस अवसर पर 03 अप्रैल 2026 को जय शीतला मानस मंडली जलकी, गोपेश्वर बिहार मानस मंडली, उमाशंकर मानस मंडली डिपरा पारा (दुर्ग), राम अनुराग मानस मंडली सोरम सिंधी, जय कपीस मानस मंडली आमाकोनी एवं करुणा सागर मानस मंडली कन्नेवाड़ा प्रस्तुति देंगी। 04 अप्रैल 2026 को उगता सूरज मानस मंडली झिथरी डूमा, मानस मंडली टेकापारा, चंचल मानस मंडली टोनाटार, बस्तरिहा मानस मंडली कोदागांव, पारस मणि मानस मंडली रायपुर, समर्पण मानस मंडली धरमपुरा, सुर सरिता मानस मंडली मोंगरपाली एवं शुभांजलि मानस मंडली बरगाही (राजनांदगांव) अपनी प्रस्तुतियां देंगी। वहीं 05 अप्रैल 2026 को हरी कीर्तन मानस मंडली फिंगेश्वर, हरिकेश मानस मंडली बागबाहरा, परमेश्वर मानस मंडली सेम्हर तारा, मधुरिमा मानस मंडली महासमुंद, गीता संदेश मानस मंडली बहोरन भेड़ी, राधे मानस मंडली रायपुर, सिताक्षी सिंहदेही मानस मंडली एवं पावन धारा मानस मंडली छुईहा प्रस्तुति देंगी। इस आयोजन के संरक्षक श्यामलाल साव, रामाधर दीवान एवं राधेश्याम ध्रुव हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष गिरधारी पटेल, उपाध्यक्ष भुवन सेन तथा राम कुमार साहू, अयोध्या पटेल, उमाशंकर साहू (सचिव) एवं परस पटेल सहित समिति के अन्य सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# हर घर जल की उपलब्धता से बिराजपाली के ग्रामीणों के दैनिक जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम बिराजपाली में हर घर जल की उपलब्धता ग्रामीणजनों के जीवन में खुशियां लेकर आई है। ग्रामीणजन बताते है कि जहां कभी ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप या दूरस्थ जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर जल योजना अंतर्गत हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। ग्राम बिराजपाली में 21 फरवरी 2026 को हर घर जल का सफल प्रमाणीकरण किया गया।




योजना के अंतर्गत ग्राम के कुल 182 घरों को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, जिससे प्रत्येक परिवार को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम जल समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रह कर योजना की स्थिरता एवं निरंतरता सुनिश्चित कर रही है। ग्राम में जलापूर्ति के लिए 94.27 लाख रुपए की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 2270 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से सभी घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम में 13 हैंडपंप एवं 3 पावर पंप भी उपलब्ध हैं, जो जल स्त्रोतों को सुदृढ़ बनाते हैं। इस उपलब्धि में ग्राम के सरपंच एतराम साहू एवं सचिव पुष्पलता चौहान की भूमिका रही। उनके नेतृत्व, सतत प्रयासों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सका। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही श्याम बाई बताती हैं कि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

# जेसीबी वाहन चोरी

**महासमुंद**। ग्राम तेलीबांधा स्थित दुलार फार्म के गेट के बाहर खड़े जेसीबी वाहन चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोविंद धीवर निवासी वार्ड नंबर 23 सुभाष नगर महासमुंद ने बताया 31 मार्च की सुबह 9 बजे के मध्य ग्राम तेलीबांधा दुलार फार्म के गेट के बाहर में खड़े उसके जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 ए 3422 पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 5,00,000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## आम आदमी की थाली से गायब हो रही पौष्टिकता

# वैश्विक अशांति का असर, बाजारों में बढ़ी महंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी युद्ध और अंतरराष्ट्रीय तनाव का सीधा असर अब नगर के स्थानीय बाजारों में दिखाई देने लगा है। वैश्विक सप्लाई चेन में आई रुकावट के कारण रसोई गैस और ईंधन के बाद अब दाल, मसाले, खाद्य तेल और सूखे मेवों की कीमतों में भारी उछाल आया है। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। शहर के मुख्य मार्केट और सदर बाजार में पिछले दो सप्ताह के भीतर दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जहाजों का मार्ग बदलने और माल ढुलाई (फ्रेट चार्ज) महंगी होने की वजह से लागत बढ़ गई है।



सूखे मेवे, बादाम, पिस्ता और काजू की कीमतों में बड़ी वृद्धि हुई है। एक सप्ताह पहले जो काजू 880 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, उसकी कीमत अब 960 रुपये तक पहुंच गई है। नया माल आने में देरी के कारण पुराने स्टॉक को भी ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। सबसे ज्यादा असर तेल की कीमतों पर पड़ा है। पिछले सप्ताह तक तेल का टिन 2100 से 2150 रुपये में मिलता था, अब उसकी कीमत 2330 से 2400 रुपये के बीच हो गई है। जीरा और काली मिर्च की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई है। इसके अलावा काबुली चना और मसूर दाल, जो बाहर से आयात किए जाते हैं, उनकी कीमतों में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। अरहर और उड़द दाल के दाम भी 10 रुपये तक बढ़ गए हैं।

### आम जनता की परेशानी

बाजार में खरीदारी करने आए लोगों ने अपनी चिंता साझा करते हुए कहा कि बढ़ती कीमतों के कारण अब वे अपनी जरूरतें कम करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी विमला साहू ने बताया कि पहले भीषण गर्मी की वजह से सब्जियां महंगी हुईं और अब दाल-मसालों के दाम बढ़ गए हैं। बच्चों की सेहत के लिए बादाम और अखरोट खरीदना अब मध्यम वर्ग के लिए कठिन होता जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग अब किलो के बजाय पाव या उससे भी कम मात्रा में सूखे मेवे खरीद रहे हैं।

### आगामी सीजन पर संकट

थोक और चिल्हर व्यापारियों का मानना है कि यदि युद्ध की स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो आने वाले शादी-ब्याह के सीजन में मुश्किलें और बढ़ेंगी। व्यापारियों के अनुसार, मिठाई और खान-पान के खर्च में 30 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल, अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता ने नगर के स्थानीय बाजार की रौनक कम कर दी है और उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा बोझ डाल दिया है।

### साईं बाबा जन्मोत्सव पर महाभंडारे का आयोजन





**महासमुंद**। नगर के नेहरू चौक स्थित कांग्रेस भवन के पास श्री साई बाबा जन्मोत्सव के मौके पर भव्य महाभंडारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए सभी आगंतुकों की सेवा की। इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब का जखीरा मुख्य सरगना गिरफ्तार

रायपुर। शहर के गंजपारा स्थित प्रभात टॉकीज के पीछे भट्ठी क्षेत्र में अवैध देशी मसाला शराब का बड़ा जखीरा पकड़ा गया था। इसमें 42.840 बल्क लीटर अवैध शराब (238 पौवा) एवं नकद 3 लाख 40 हजार 220 रुपए जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साहू, गोपाल दास मानिकपुरी, राजेश नागेश, दीप पाल सागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, वहीं मुख्य सरगना दीपक मुदलियार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम एवं 112(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### पौने दो लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

रायपुर। एएनटीएफ और मंदिर हसौद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सेरीखेड़ी स्थित ओवरब्रिज के पास बादल नेताम निवासी सेरीखेड़ी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1.613 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 72 हजार रुपए है। आरोपी बोरी में भरकर गांजा ले जा रहा था। उसके विरुद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### गांजा-बटनदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

रायपुर। एसीसीयू और विधानसभा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से गांजा और बटनदार चाकू जब्त किया गया है। ग्राम छपोरा स्थित छपोरा पुलिया के पास दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति गांजा बिक्री के लिए रखे हुए थे। सूचना पर दोनों को पकड़ा गया। आरोपियों में एक का नाम हिमांशु वर्मा उर्फ करण उर्फ टोब्बेल तथा दूसरा कोमल वर्मा उर्फ फिरंगी नरदहा विधानसभा के निवासी है। उनके पास एक थैले में 2 बटनदार चाकू तथा 03.070 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के विरुद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कृष्णसखा गृहनिर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष-सदस्य के विरुद्ध केस दर्ज

रायपुर। राजधानी रायपुर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे फर्म की जमीन को अपना बताकर उसकी बिक्री कर नामांतरण कराने के मामले में गोलबाजार पुलिस ने कृष्ण सखा गृह निर्माण सहकारी समिति डंगनिया के अध्यक्ष अरुण कुमार और सदस्य अनिमेष मिश्रा के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धुरंधर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा.लि. फर्म के शैलेष धुरंधर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके फर्म के नाम पर डंगनिया में 0.688 हेक्टेयर रकबा भूमि है, जिसका खसरा नंबर 173-1, 173-3 है। इस भूमि के 3 हजार वर्गफीट को कृष्ण सखा गृह निर्माण सहकारी समिति डंगनिया ने अपना बताकर इसके फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर अनिमेश मिश्रा निवासी इंदौर को बेच दिया था। इसके बाद क्रेता अनिमेष ने उक्त जमीन को नामांतरण के लिए तहसील में आवेदन किया था।

# टेट में सफल नहीं हो सके शिक्षक, 80 हजार से अधिक के समक्ष संकट, इनमें सर्वाधिक कोंडागांव के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यापम द्वारा फरवरी में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके परिणाम कुछ दिनों पूर्व ही जारी किए गए हैं। इस शिक्षक पात्रता परीक्षा में बड़ी संख्या में कार्यरत शासकीय शिक्षक शामिल हुए थे, लेकिन इनमें से अधिकतर पात्रता परीक्षा में क्वालिफाई नहीं कर सके हैं। ऐसे में प्रदेश के इन 80 हजार शिक्षकों के समक्ष पदोन्नति के लिए संकट आ खड़ा हुआ है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा खत जारी कर जिलेवार टेट की अनिवार्यता वाले सहायक शिक्षक, शिक्षकों की संख्या मांगी गई थी। इन शिक्षकों के लिए विभागीय स्तर पर टेट आयोजित किए जाने की चर्चा है, लेकिन कोई अंतिम निर्णय फिलहाल नहीं हो सका है और ना ही कोई दिशा-निर्देश इस संदर्भ में जारी हुआ है।

आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में 1.93 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से 42 प्रतिशत अर्थात लगभग 80 हजार शिक्षक टेट क्वालिफाई नहीं हैं। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ में विभागीय परीक्षा पूर्व में भी आयोजित हो चुकी है। इनमें डीएड परीक्षा में शत प्रतिशत शिक्षक संवर्ग लाभान्वित हुए थे। सहायक शिक्षक से सीधे व्याख्याता संवर्ग में पदोन्नति के लिए भी विभागीय परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें सफलता प्राप्त करते हुए सहायक शिक्षक व्याख्याता पद पर पदोन्नत हुए थे।

## प्रदेश के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में करीब 1.93 लाख शिक्षक

### सबसे कम संख्या रायपुर में

ऐसे शिक्षक जो टेट क्वालिफाई नहीं कर सके हैं, उनकी सबसे कम संख्या राजधानी में है। रायपुर में सिर्फ 376 शिक्षक ही ऐसे हैं, जो टेट क्वालिफाई नहीं हैं। वहीं सर्वाधिक संख्या कोंडागांव में है। यहां के 5334 शिक्षक टेट क्वालिफाई नहीं हैं। इसी तरह से महासमुंद में 4486, धमतरी में 3053, बलौदाबाजार-भाटापारा में 4535, रायगढ़ में 4207, सरगुजा में 4328, बलरामपुर में 3830, बिलासपुर में 1020, दुर्ग में 2756, गरियाबंद में 3340, जांजगीर-चांपा में 3164 और सूरजपुर में 4151 शिक्षक अब तक टेट क्वालिफाई नहीं कर सके हैं।




### नहीं हो सके व्यापम की परीक्षा में सफल

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, एनसीटीई के प्रामाणिक पारिभाषिक स्वरूप के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने टेट आवश्यक करने का निर्णय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं की शिक्षकों के लिए दिया है। इससे देशभर के शिक्षक आशंकित हैं। इसके कारण ही वर्तमान में 80,000 से भी अधिक शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ में टेट की परीक्षा दी है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि शिक्षक टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहते हैं। शिक्षक संघ की मांग है कि उनके लिए विभागीय स्तर पर टेट का आयोजन किया जाएगा ताकि व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा के इतर भी उन्हें मौका मिल सके।

# जमानत मिलने पर 'प्रोफेसर' गैंग के युवक, युवती ने दिल्ली में बैठकर खड़ा किया ड्रग का नया नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हरिभूमि की खबर पर मुहर, एक दिन पहले ही ड्रग नेटवर्क में प्रोफेसर गैंग के शामिल होने का किया था खुलासा
- कुरियर कंपनी से पुलिस ने जब्त किया है 40 ग्राम एमडीएमए

कुरियर से ड्रग मंगाकर रैपिडो के माध्यम से ड्रग आपूर्ति करने वाले जिस रैकेट के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है, उस रैकेट के सरगना पूर्व में ड्रग के साथ पकड़ी गई युवती कुसुम हिंदूजा तथा महेश सिंह खड़का हैं। इन दोनों के साथ दो अन्य को रायपुर न्यायालय ने पिछले वर्ष मई में ड्रग तस्करी करने के आरोप में पांच-पांच वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई थी। दोनों आरोपियों ने अपनी सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने दोनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया था। जमानत मिलने पर कुसुम तथा महेश दिल्ली शिफ्ट हो गए और ड्रग नेटवर्क खड़ा कर नए सिरे से ड्रग खपाने का काम कर रहे थे।

### लॉजिस्टिक गोदाम से 40 ग्राम एमडीएमए जब्त

ड्रग तस्करों के कब्जे से पुलिस ने जो 48.03 ग्राम एमडीएमए तथा पार्टी पिल्स की आठ टेबलेट जब्त की है, उसमें से 40 ग्राम एमडीएमए पुलिस ने कबीर नगर स्थित गुमा की एक कुरियर कंपनी की लॉजिस्टिक गोदाम से जब्त किया है। पुलिस ने कबीर नगर थाना क्षेत्र से जब्त ड्रग के बारे में अलग से खुलासा नहीं किया है। साथ ही कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई है, पुलिस ने उस संबंध में अधिकृत तौर पर कुछ भी पुष्टि नहीं की है।







### पहली बार पार्टी पिल्स की जब्ती

पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग में एमडीएमए, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थ पहले भी जब्त किया है। पार्टी पिल्स जैसे सिंथेटिक ड्रग का टेबलेट पुलिस ने पहली बार जब्त किया है। पार्टी पिल्स का इस्तेमाल क्लब तथा अन्य पार्टियों में होता है। पार्टी पिल्स कलरफुल होता है। ड्रग को टेबलेट की शक्ल में तैयार किया जाता है।

### ड्रग खपाने इनकी भूमिका ऐसे रही

- महेश, कुसुम- दोनों ड्रग नेटवर्क के मास्टर माइंड थे, इसके साथ ही डिलिवरी नेटवर्क मैनेज करते थे
- कुणाल मंगतानी - कोरियर से ड्रग्स रिसीव करने वाला
- सौरभ यादव, शुभम राठौर एवं सौरभ डोंगरे - ड्रग्स को ग्राहकों तक पहुंचाने वाले रैपिडो राइडर हैं

### रैकेट में एक दर्जन से ज्यादा

प्रारंभिक पड़ताल करने के बाद पुलिस ने जिन आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में कई और लोगों के ड्रग नेटवर्क में शामिल होने की पुलिस को जानकारी मिली है। इनमें रायपुर के अलावा दिल्ली के ड्रग पैडलर शामिल हैं।

### नाइजीरियन से मिलता था ड्रग

कुसुम तथा महेश को दिल्ली में नाइजीरियन ड्रग पैडलर से ड्रग मिलता था। बतया जा रहा है, रायपुर में महीने में तीन से चार बार ड्रग की आपूर्ति की जाती थी। एक बार में 40 से 50 ग्राम के करीब एमडीएमए भेजा जाता था। इस तरह से रायपुर में हर माह औसतन डेढ़ से दो सौ ग्राम एमडीएमए की खेप पहुंचती थी।

### जेल से छूटने के बाद खड़ा किया नेटवर्क

कुसुम तथा महेश को हाईकोर्ट से नवंबर में जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद महेश, कुसुम को अपने साथ दिल्ली ले गया। महेश ने कुसुम के रहने के लिए दिल्ली में व्यवस्था की। इसके बाद दोनों ने कुणाल को अपने साथ जोड़ा। कुणाल ने रैपिडो बाइकर्स शुभम, सौरभ यादव तथा सौरभ डोंगरे को अपने साथ जोड़ा। रैपिडो बाइकर्स को प्रत्येक डिलीवरी के बदले पांच सौ रुपए दिया जाता था।

### डाउन सिंड्रोम पर जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। वर्ल्ड सिंड्रोम के अवसर पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) के एनाटॉमी और पीडियाट्रिक्स विभाग द्वारा सोमवार के डाउन सिंड्रोम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. मनीषा बी. सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 15 परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों, विशेषज्ञों और परिवारों के बीच चर्चा हुई। जिसमें समस्या से जुड़ी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक पहलुओं पर जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि डाउन सिंड्रोम कोई बीमारी नहीं बल्कि एक आनुवंशिक स्थिति है। ऐसे बच्चों को समाज में सम्मान और समान अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बिलासपुर की सूवी ठाकुर रही जो डाउन सिंड्रोम के साथ एक प्रतिभाशाली नृत्यांगना हैं और उसने 10वीं कक्षा की ओपन बोर्ड परीक्षा पास की है। उनके परिवार ने अपनी प्रेरणादायक कहानी साझा की जिससे अन्य बच्चों और अभिभावकों सीख मिली। इस कार्यक्रम में कई गैर-सरकारी संगठनों ने भी भाग लिया और समाज में जागरूकता व सहयोग का संदेश दिया। इस अवसर पर सीईओ डा. अशोक जिंदल ने कहा कि यह दिन केवल जागरूकता का नहीं बल्कि डाउन सिंड्रोम से जुड़े लोगों की विशेषताओं और योगदान का सम्मान करने का भी है।

# जयंती पर बिसाहू दास महंत को किया याद

महासमुंद। स्वर्गीय बिसाहू दास महंत (1 अप्रैल 1924-23 जुलाई 1978) छत्तीसगढ़ के एक दिग्गज राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। उन्हें अविभाजित मध्य प्रदेश की राजनीति का संत और छत्तीसगढ़ की अस्मिता का प्रतीक माना जाता है। कॉलेज के दिनों में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जमकर लड़ाई लड़ी, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार ने उनकी छात्रवृत्ति बंद कर दी थी। ऐसे जननायक और छत्तीसगढ़ की अस्मिता के प्रतीक स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में मनाई गई। उनकी जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गईं और कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने अपने उद्बोधन में बाबूजी बिसाहू दास महंत के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और बांगो बांध के स्वप्नदृष्टा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 1952 से 1977 तक लगातार 6 बार विधानसभा चुनाव जीते और अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारा। वे अविभाजित




मध्य प्रदेश सरकार में 4 बार कैबिनेट मंत्री रहे। उन्होंने लोक निर्माण, उद्योग और राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष (पीसीसी प्रेसीडेंट) के रूप में भी सेवाएँ दे चुके थे।

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्हें हसदेव बांगो बांध के स्वप्नदृष्टा के रूप में जाना जाता है, जिससे आज लाखों हेक्टेयर खेतों की सिंचाई होती है। उनके कार्यकाल में बिलासपुर-रायगढ़ स्टेट हाईवे, चांपा औद्योगिक क्षेत्र, जांजगीर नहर और हसदेव नदी पर स्थित गेमन पुल जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों का निर्माण हुआ। उद्योग मंत्री रहते हुए उन्होंने कोसा रेशम व्यवसाय और हाथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने में गहरी रुचि दिखाई। छत्तीसगढ़ सरकार उनके सम्मान में सर्वश्रेष्ठ बुनकर को बिसाहू दास महंत पुरस्कार प्रदान करती है। वे कबीर पंथी होने के साथ-साथ एक कट्टर गांधीवादी विचारक थे, जो सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांत का पालन करते थे।

स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, पूर्व जिला कोषध्यक्ष निर्मल जैन, जिला महामंत्री भरत ठाकुर, जिला महामंत्री सोमेश दवे, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, तुलसी साहू, अमन चंद्राकर, मिंदर चावला, पार्षद गुलशन साहू, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, पार्षद जय देवांगन, सोनम बंसोड, टोमन सिंह कागजी, नितेंद्र बनर्जी, सुनील चंद्राकर, मेहुल सूचक, गोपी तारक, डॉ एजाज नकवी, मोती साहू, कमल प्रजापति, दीपक चंद्राकर, राजेश नेताम, इमरान कुरैशी, नुकेश महंत, लोकेश मांझी, बिट्टू साहू, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत चंद्राकर, कमल प्रजापति, विनोद रंगारी, तुलसी देवदास आदि उपस्थित थे।

# बदली परंपरा, अब महिलाएं भी घर-घर जाकर कर रहीं बिजली के मीटरों की रीडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में अब तक बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम सिर्फ पुरुषों से कराया जाता रहा, लेकिन अब इस परंपरा को बदलने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 20 महिलाएं घर-घर जाकर मीटरों की रीडिंग करने का काम कर रही हैं। इन महिलाओं को प्रति मीटर रीडिंग के 12 रुपए मिल रहे हैं। एक महिला 500 से 750 मीटरों की रीडिंग हर माह कर रही है। आने वाले समय में दूसरे जिलों में भी महिलाओं को यह काम दिया जाएगा।

पॉवर कंपनी में कुछ काम ऐसे हैं, जिनको पुरुषों से ही कराया जाता है। ऐसे ही कामों में मीटरों की रीडिंग का भी काम है। बरसों से घरेलू के साथ गैर घरेलू कनेक्शनों में मीटर रीडिंग का काम पुरुष कर्मचारी ही करते रहे हैं, लेकिन अब इस धारणा को बदलने का काम किया जा रहा है।



### जशपुर से आगाज

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने पहली बार महिलाओं से बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम कराने का आगाज जशपुर से किया है। यहां पर स्व सहायता समूह की महिलाओं को यह काम दिया गया है। इस समूह की 20 महिलाएं इस समय काम कर रही हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रीडिंग का काम किसी समूह को नहीं जाता, भले ही महिलाएं स्व सहायता समूह की हैं, लेकिन अलग-अलग महिलाओं के साथ अलग-अलग अनुबंध किया गया है। इस समय जो भी महिलाएं रीडिंग का काम कर रही हैं, वो हर माह 500 से 750 घरों तक जाकर रीडिंग कर रही हैं। इनको एक कनेक्शन के 12 रुपए के हिसाब से पैसे दिए जाते हैं।

# शहर में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए अब ऑनलाइन होगी बुकिंग

रायपुर। शहर में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए लोगों को जोन दफ्तर या मुख्यालय जाकर मेनुवल पर्ची कटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब राजधानीवासी घर बैठे अपने घर के सेप्टिक टैंक सफाई के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इसके लिए निर्धारित शुल्क की पर्ची भी ऑनलाइन कटेगी, सारा कुछ काम एक क्लिक पर करने की योजना है। महापौर मीनल चौबे ने सफाई को रोबोटिक कवच देते हुए सीवरेज की सफाई के लिए रोबोटिक मशीन खरीदने की योजना बनाई है। यानी रायपुर नगर निगम अपने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अब ऑनलाइन डी स्लजिंग सेवा की शुरुआत करेगा। टेक्नोलाजी और स्वच्छता के नए प्रयोग की शुरुआत करने 1.50 करोड़ की रोबोटिक सक्शन मशीनें खरीदी जाएंगी। इनसे शहर के नालों और सीवरेज की सफाई में आसानी होगी। हाल ही में राजधानी के रामकृष्ण अस्पताल के सेप्टिक टैंक में तीन सफाई कर्मचारियों की मौत के बाद नगर निगम की अनुमति के बगैर सेप्टिक टैंक की सफाई नहीं कराने का फैसला लिया गया।

## सीबीएसई ने इस वसूली को बताया नियमविरुद्ध, कार्रवाई की तैयारी

# 10वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए नहीं देनी होगी ट्यूशन फीस, केवल परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे छात्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कई स्कूलों द्वारा तीन माह की ट्यूशन फीस वसूलने की शिकायत आई थी सामने

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के सेकेंड बोर्ड एग्जाम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने सभी स्कूलों से साफ कहा है कि वे छात्रों से किसी भी तरह की अतिरिक्त या अनधिकृत फीस न लें। यह निर्देश तब जारी किया गया, जब सीबीएसई को जानकारी मिली कि कुछ स्कूल सेकेंड बोर्ड परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करते समय छात्रों से तीन महीने की ट्यूशन फीस तक मांग रहे हैं। सीबीएसई ने इस तरह की वसूली को नियमों के खिलाफ बताया है। बोर्ड के अनुसार, एनओसी फॉर्म भरते समय छात्रों से केवल परीक्षा शुल्क ही लिया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी तरह की फीस लेना पूरी तरह से गलत है। सीबीएसई कक्षा 10वीं की सेकंड बोर्ड परीक्षा मई 2026 में आयोजित करेगा।

### स्कूलों को दिए सख्त निर्देश

सीबीएसई ने अपने आधिकारिक नोटिफिकेशन में कहा है कि सभी स्कूल बोर्ड के नियमों का सख्ती से पालन करें और किसी भी गलत गतिविधि को तुरंत बंद करें। अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एलओसी फॉर्म जमा करने की पूरी प्रक्रिया स्कूलों के माध्यम से ही पूरी की जाएगी। यह सुविधा उन छात्रों के लिए होगी, जिन्होंने पहले मुख्य बोर्ड परीक्षा दी है। अगर कोई छात्र सेकेंड बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहता है, तो उसके मुख्य परीक्षा के अंकों के आधार पर ही उसका रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

### शुरुआती चरण में कोई राशि नहीं

सीबीएसई के अनुसार, द्वितीय बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है, जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस परीक्षा में छात्र अधिकतम तीन विषयों में दोबारा परीक्षा देकर अपने नंबर बेहतर कर सकते हैं। सीबीएसई ने एलओसी फॉर्म भरने की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया है। बोर्ड के अनुसार, यह प्रक्रिया तीन चरणों (फेज) में पूरी की जाएगी। पहले चरण में केवल एलओसी फॉर्म भरा जाएगा। इस समय किसी भी तरह की फीस नहीं देनी होगी। इसका उद्देश्य सिर्फ यह जानना है कि कितने छात्र सेकेंड बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, ताकि सीबीएसई आवश्यक तैयारियां कर सके। दूसरे और तीसरे चरण में छात्र अपनी जानकारी में बदलाव कर सकते हैं, विषय जोड़ या हटा सकते हैं और अंत में परीक्षा शुल्क जमा करके एलओसी फॉर्म को फाइनल कर सकते हैं।

# मिठाई में लगाने वाले चांदी के वर्क के दाम डबल मिठाई की कीमत भी 40 से 50 रुपए तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चांदी के दाम आसमान पर जाने का असर अब मिठाई में भी दिखने लगा है। खोवा और काजू की मिठाई में बरसों से चांदी का वर्क लगाने का काम किया जाता है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इस वर्क के कारण ही मिठाई के दाम बढ़ाने पड़े हैं। जो चांदी का वर्क पहले 7800 रुपए में दस की गड्डी का एक पैक आता था, वह अब 16500 रुपए हो गया है। यानी कीमत 8700 रुपए बढ़ गई है। यह डबल से भी ज्यादा है। वैसे तो मिठाइयों में सोने का वर्क भी लगाया जाता है, पर अपने राज्य में ऐसी मिठाइयां नहीं बिकतीं। इसके दाम बहुत ज्यादा होते हैं। खोवा की मिठाइयों में चांदी का वर्क लगाकर इन मिठाइयों को खास बनाने का काम किया जाता है। छोटे से लेकर बड़ी मिठाई की दुकानों में मिठाइयों में चांदी का वर्क लगाने का काम होता है, लेकिन चांदी का वर्क हर मिठाई में नहीं लगाया जाता। चांदी का वर्क आमतौर पर खोवा की मिठाइयों पर ही लगाया जाता है। इसी के साथ खजूर से बनने वाले रोल पर भी चांदी का वर्क लगाने का काम होता है।

### लगाना कम नहीं किया



*चांदी के वर्क के दाम डबल होने के बाद भी कारोबारियों ने मिठाई पर चांदी का वर्क लगाना कम नहीं किया है। जितना वर्क पहले लगाते थे, उतना ही आज भी लगा रहे हैं। भले दाम करीब 40 रुपए बढ़ाए गए हैं। चांदी के वर्क वाली मिठाइयों के दाम 600 रुपए से 2000 रुपए तक हैं। अलग-अलग क्वालिटी की मिठाई के दाम अलग-अलग दुकानों पर भी अलग-अलग है। काजू कतली के दाम चांदी के वर्क के कारण 1040 से 1080 रुपए किए गए हैं। काजू कतली के दाम कई दुकानों में 12 सौ रुपए भी है। इसी तरह से 560 रुपए वाली मिठाई के दाम 600 रुपए किए गए हैं। अन्य मिठाइयों के दाम में भी 40 से 50 रुपए का इजाफा अलग-अलग दुकानदारों ने किए हैं।*

### एक गड्डी का उपयोग 50 किलो मिठाई में

*मिठाई का कारोबार करने वाले राजधानी के कारोबारियों का कहना है कि चांदी के वर्क के दाम पहले कभी इतने नहीं बढ़े जितने अब बढ़ गए हैं। इसका कारण यह है कि चांदी के दाम आसमान पर चले गए हैं। अब तो दाम करीब पौने दो लाख कम हो गए हैं। एक समय चांदी के दाम चार लाख के पार चले गए थे। अब तो दाम ढाई लाख से भी कम हैं। लेकिन चांदी के वर्क के दाम अब डबल से भी ज्यादा हो गए हैं। स्वीट इंडिया के संचालक संजय विरानी के मुताबिक जो चांदी का वर्क दस की गड्डी वाला जनवरी में 78 सौ रुपए में मिल रहा था। वह अब 16500 रुपए में मिल रहा है। यानी जो एक गड्डी पहले 780 रुपए की पड़ती थी, वह अब 1650 रुपए की पड़ रही है। एक गड्डी का उपयोग करीब 50 किलो मिठाई में हो जाता है।*

**खबर संक्षेप**

### सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी बने कुंदन व त्रिलोचन



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला युवा मोर्चा के जिला कार्यसमिति एवं विशेष आमंत्रित सदस्य ग्राम भोरिंग निवासी कुंदन प्रजापति तथा तुमगांव के युवा कार्यकर्ता त्रिलोचन साहू को सहकारिता प्रकोष्ठ जिला महासमुंद की कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों में हर्ष जताया है।

### डाइट में क्रियात्मक अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुतीकरण



**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में जोन स्तरीय क्रियात्मक अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुतीकरण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। नवाचारी गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण में डाइट नगरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं संयुक्त रुप से डाइट महासमुंद एवं रायपुर ने द्वितीय स्थान अजित किया। वही क्रियात्मक अनुसंधान में डाइट महासमुंद प्रथम (शेखर शाबीर) एवं रायपुर डाइट द्वितीय (योगेंद्र साहू), डाइट नगरी (ज्योति साहू) ने तृतीय स्थान बनाया। इस अवसर पर डाइट महासमुंद के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण, व्याख्याता संतोष साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन में किया गया। उक्त जानकारी संस्थान के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने दी है।

बैठक : आगामी विधानसभा चुनाव और मिशन 2028 की तैयारी शुरू

# शहर कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूर करने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव और मिशन 2028 की तैयारियों के मद्देनजर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई। बैठक में बूथ कमेटी निर्माण के लिए शहर कांग्रेस प्रभारी डॉ रश्मि चंद्राकर भी उपस्थित थीं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर 12 सदस्यों की टीम बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों को शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए गुरमीत चावला ने कहा कि इस बैठक का प्राथमिक लक्ष्य 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' की रणनीति पर अमल करना है। गुरमीत ने शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर बूथ प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और संगठन के 'सृजन' कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर कार्य करने पर जोर दिया है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने और कमेटी गठन की प्रक्रिया को समय सीमा के भीतर पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अपने उद्बोधन में नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत ही रंग लाती है। यदी कार्यकर्ता ईमानदारी से बूथ गठन का काम पूरा करेगा तो चुनाव जीतने से कोई नहीं रोक सकता। बैठक में स्थानीय कांग्रेस नेता जैसे मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, जिला महामंत्री भरत ठाकुर, जिला महामंत्री सोमेश दवे तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल रहे हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला और शहर कांग्रेस प्रभारी डॉ. रश्मि चंद्राकर ने स्पष्ट किया कि चुनाव में सफलता की कुंजी मजबूत बूथ मैनेजमेंट में ही छिपी है। शहर के सभी वार्डों के लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर चर्चा हुई, जो सीधे शहर अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे। बैठक के दौरान नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के उपस्थित सदस्यों का भी स्वागत अभिनंदन किया गया। एड्वोकेट भरत सिंह ठाकुर तथा सोमेश दवे को जिला महामंत्री नियुक्त होने पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला तथा नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, पूर्व जिला कोषध्यक्ष निर्मल जैन, नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला महामंत्री भरत ठाकुर, जिला महामंत्री सोमेश दवे, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, तुलसी साहू, अमन चंद्राकर, मिंदर चावला, पार्षद गुलशन साहू, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, पार्षद जय देवांगन, सोनम बंसोड, नितेंद्र बनर्जी, सुनील चंद्राकर, हार्दिक सोना, मेहूल सूचक, गोपी तारक, डॉ एजाज नकवी, मोती साहू, तबरेज खान, कमल प्रजापति, दीपक चंद्राकर, राजेश नेताम, इमरान कुरैशी, नुकेश महंत, टोमन सिंह कागजी, लोकेश मांझी, बिट्टू साहू, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत चंद्राकर, कमल प्रजापति, विनोद रंगारी, तुलसी देवदास आदि उपस्थित थे।

## 5100 हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

झलप क्षेत्र के ग्राम लखनपुर में बाल नाट्य कला समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 5100 हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नपाध्यक्ष ने कहा कि भगवान हनुमान चिरंजीवी हैं। जहां भी प्रभु श्रीराम का भजन होता है, वहां वे उपस्थित रहते हैं। हनुमान चालीसा का पाठ करने से सभी दोषों, भय का नाश होता है। इस अवसर पर पं. आकाश मिश्रा, भीष्म कुमार पटेल, मैंडी साहू, रफीक खान, गिरजा शंकर जोशी, दिगंबर साहू, पीयूष साहू, गोपी साहू, सन्नी पटेल, दुष्यंत-गोलू साहू, प्रीतम साहू, मन्नू ध्रुव, खेमराज साहू, यशवंत साहू, गंगाधर साहू, प्रिंस मिश्रा, पिंटू साहू, वासु देवांगन, भूपेंद्र भोई, युगल ध्रुवंशी एवं बाल नाट्य कला समिति के सभी सदस्य व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सलिहाभाठा में पांचवी के बच्चों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में छोटे कक्षा के बच्चों द्वारा कक्षा 5वीं के बच्चों को विदाई दी गई। विदाई में शाला परिवार, उपस्थित पालकों व अतिथियों की ओर से भविष्य की कक्षाओं और शाला के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक रामेश्वर ढीढी, पिरीत राम साहू, भोजराम साहू, पंचराम ध्रुव, मंशाराम सिन्हा, तिलक साहू, लिलेश्वर साहू, हितेश दीवान, देवकी सिन्हा, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, धनेश्वरी साहू, लगन बाई ध्रुव, नीरा दीवान, दशोदा ध्रुव, गुलाब ध्रुव, भुनेश्वर साहू, हुलश सिन्हा, मूलचंद दीवान, पिलेश्वर सिन्हा, योगीराम साहू आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार ने संपत्ति कर जमा करने में जनता को दी बड़ी राहत

### संम्पति कर जमा करने में एक माह का समय बढ़ाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में सम्पत्ति समेकित व रोशनी कर के भुगतान के लिए 1 माह का समय बढ़ाने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल, भाजपा पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, प्रीति बादल मक्कड़, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के शहरी जनता को बड़ी राहत मिलेगी। नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से कहा कि शासन ने एक माह का समय बढ़ाया है। डोर टू डोर नगर पालिका के मोहर्रिरों को संपत्ति कर वसूली के लिए भेजा जाए, जिससे जनता को राहत महसूस होगी।

## तुमगांव में मनाई गई माता कर्मा की जयंती, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर साहू समाज तुमगांव के तत्वावधान में संत शिरोमणि माता कर्मा की जयंती दुकान चौक तुमगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों सहित सर्व समाज के लोगों की बड़ी सहभागिता रही। कार्यक्रम में महासमुंद जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष माणिक साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उनके आगमन पर साहू समाज के लोगों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में ढालू राम साहू (जिलाध्यक्ष साहू संघ) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में निखिल साहू, बलरामकांत साहू, मुन्ना साहू, डॉ उदय राम साहू, तुलसी साहू, डॉ ज्योति साहू, देवेश साहू (उपाध्यक्ष), धरम साहू (पूर्व जिला अध्यक्ष), ललित साहू (तहसील अध्यक्ष), संतोष साहू (भोरिंग परिक्षेत्र), ओम प्रकाश साहू, रोहित साहू, भुनेश्वर साहू, संतराम साहू, धनेश्वरी रोशन साहू, गौरी थानू साहू तथा केके साहू शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां शीतला का जल ग्रहण कर नगर भ्रमण रैली के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इसके पश्चात महाकाल ग्रुप द्वारा माता कर्मा की आरती एवं विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसमें उपस्थित अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर समस्त अतिथियों एवं विभिन्न समाजों से आए लोगों का सम्मान भी किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में राजेश कुमार साहू (लोक प्रयाग, राजिम) द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन में कपिल साहू, रोशन साहू, गजेंद्र साहू, रेखराम साहू, धनीराम साहू, शिव साहू, चैनू साहू, सेवन साहू, तीरथ साहू, गणेश साहू, प्रियांशु, जगमोहन, भूषण साहू, सुरेश कुमार साहू, शौर्य साहू, परसराम साहू, भारत साहू, नरेंद्र साहू, सुरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## महासमुंद जिले में गहराता पेयजल संकट, टंकियां बनी शोपीस : रश्मि



**महासमुंद।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस संबंध में कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले के कई गांवों में तालाब, नदी और नाले सूखने लगे हैं, जिससे निस्तारी और पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांवों में लोगों की प्यास बुझाने वाले हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलस्तर तक नीचे चला गया है। इतनी गहराई से पानी निकालना हैंडपंपों के लिए संभव नहीं रह गया है। पानी की तलाश में लोग लगातार नए नलकूप खुदवा रहे हैं। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल संकट बनी हुई है। ग्राम पंचायत मोंगरा, भलेसर, कनेकेरा, खड़सा, आमावास, बड़गांव, कौवाझर शामिल है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि ग्राम पिरदा मालीडीह सबसे पहले भूमिपूजन इस गांव में हुआ था, जो कि योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। पिरदा गांव के स्कूल में बच्चों को पेयजल पानी टैंकर के माध्यम से दिया जाता है, जो कि बहुत ही निंदनीय है। पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द में भी पानी टंकी शो पीस ही नजर आ रही है। महासमुंद जिले के अनेक गांवों में पेयजल की बड़ी संकट देखने को मिल रही है। डॉ रश्मि ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार को निरंतर निगरानी करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्यवश, इस दिशा में गंभीर कमी देखने को मिल रही है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने आगे कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को राजनीति से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए।

## बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक



**बागबाहरा।** बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के प्रभारी नरेंद्र सेन ने की। इस अवसर पर मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के सभी अध्यक्षगण उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं समय-सीमा के भीतर बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान समय से पूर्व बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण करने पर खल्लारी मंडल अध्यक्ष मुकुंद सिन्हा एवं मामा-भांचा मंडल अध्यक्ष चंदूलाल साहू को विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

//सूचना//

क्र./2159/तह./वा./2026
कोमाखान, दिनांक 27/02/2026
रा.प्र.क्र.../अ-27/वर्ष 2025-26

ग्रामः भोयनाबाहराकला, प.ह.नं 09 रा.नि.म.:- कोमाखान तहसील- कोमाखान जिला महासमुंद (छ.ग.)

प्रति,
01.शकुन्तला पिता लल्लूसिंह जाति राजपूत निवासी कोल्दा (सेवाती) तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.), 02. विनीता पति भूपेंद्र सिंह जाति राजपूत निवासी शंकरनगर रायपुर (छ.ग.), 03. स्वाती पति भूपेंद्र सिंह जाति राजपूत निवासी मढ़पुरैना, रायपुर (छ.ग.), 04. प्रतिभा पति वीरेंद्र जाति राजपूत निवासी शिवा रेसीडेंसी, मढपुरैना, रायपुर (छ.ग.), 05. सूजलसिंह पिता नरेंद्र सिंह निवासी बोइरगांव पोस्ट कसेकेरा तहसील व थाना कोमाखान, 06. इवासिंह पिता नरेंद्र सिंह निवासी बोइरगांव पोस्ट कसेकेरा तहसील व थाना कोमाखान, 07. किरण पति रमेशसिंह पिता लल्लूसिंह निवासी गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.), 08. अरुणा पिता दिनेशसिंह जाति राजपूत निवासी कांकेर (वस्तर), 09. निशा पिता दिनेशसिंह जाति राजपूत निवासी सिहावा (नगरी) जिला धमतरी, 10. अनिता पिता दिनेशसिंह जाति राजपूत निवासी सिहावा (नगरी) जिला धमतरी, 11. सुदंरसिंह पिता बोधीसिंह जाति राजपूत निवासी कोमाखान जिला महासमुंद, 12. मनीष कुमार पिता नरेशसिंह जाति राजपूत, 13. राजेश सिंह पिता नरेशसिंह जाति राजपूत, 14. रमेशसिहं पिता नरेशसिंह जाति राजपूत, 15. प्रमिला पति नरेशसिंह जाति राजपूत

चारों निवासी रावतपुरा पोस्ट मौहार, तहसील बिंदकी, जिला फतेहपुर (उ.प्र)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक भारतसिंह ठाकुर पिता लल्लू सिंह जाति राजपूत व अन्य 02 व्यक्ति निवासी ग्राम बोईरगांव के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत बी-1, तलवाना सहित आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम भू-ग्राम भोयनाबाहराकला प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. एवं तहसील कोमाखान जिला महासमुंद (छ.ग) में स्थित भूमि खाता कमांक 115 खसरा नंबर क्रमशः 323, 363, 371 रकचा क्रमशः 5.38, 0.26, 0.05, 0.19 हे. योग खसरा 04 व योग रकबा 5.88 हे. लगान 3.50 पैसे / रूपये भूमि हक की पैतृक कृषि भूमि मनीषकुमार सिंह पिता नरेशसिंह वगैरह के नाम से पटवारी अभिलेख में दर्ज है। आवेदक क्रमांक 01 एवं 03 के पिताजी लोग तीन भाई कल्लूसिंह, लल्लूसिंह, बोधीसिंह होते हैं तीनों के मृत्यु हो चुकी है। तीनों के वरिसानों को नाम खाते पर दर्ज है। कल्लूसिंह के पिता मानसिंह पुत्री शंकुतला लल्लूसिंह के पुत्र विरेंद्र, नरेंद्र भारत पुत्र किरण है। जिसमें वीरेंद्र, नरेंद्र की मृत्यु हो चुकी है। वीरेन्द्रसिंह के स्थान पर उनके पुत्री विनिता, स्वाती पत्नि प्रतिभा नरेंद्र के पुत्रगण सूजलसिंह, अदित्य पुत्री इवासिंह एवं पत्नि प्रीतुसिंह का नाम दर्ज है। बोधीसिंह के 03 पुत्र दिनेशसिंह, सुदरसिंह, नरेशसिंह है। दिनेश, नरेश सिंह के मृत्यु हो जाने के कारण दिनेश के पुत्र अनिल, नागेंद्र पुत्रियां अरूणा, निशा, अनिता पत्नि देवमति एवं नरेश सिंह के पुत्रगण मनीष, राजेश रमेश पत्नि प्रमिला का नाम खाते पर दर्ज है। उक्त भूमि का आपसी घरू बंटवारा कल्लूसिंह, लल्लूसिंह, बोधीसिंह तीनों के बीच उनके जीवनकाल में हो चुका है। तदनुसार उनके वारिसानगण उभयपक्षकार अपने अपने हिस्से पर कास्त काबिज है। पूर्व के आपसी बंटवारा कास्त कब्जा के अनुसार खाता विभाजन किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 10/04/2026 को नियत है। उक्त संबंध में जिस किसी हितबध्द व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक को कोई दावा/आपत्ति अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो, नियत तिथी तक स्वंय, अपने द्वारा नियुक्त प्रतिनिधी अथवा अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति अथवा आवेदन पेश कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों अथवा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान



### अखंड रामायण सम्मेलन का हवन-पूजन के साथ हुआ समापन

**महासमुंद।** खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का हवन पूजन के साथ समापन हुआ। अखंड रामायण सम्मेलन में 50 मानस मंडली ने अपनी बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी। हवन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रभु श्रीराम के चरित्र और मर्यादा के अद्भुत प्रसंगों का श्रवण करते रहे। हवन का विधिविधान आचार्य शिवम महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच समापन कराया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और पवित्रता का संचार हुआ। हवन पूजन में ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश, अध्यक्ष किशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सचिव परमानंद, सह सचिव संतोषी, कोषाध्यक्ष लता, चमन दास, कुमारी बाई चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर, गजाधर चंद्राकर, मोतीराम चंद्राकर, चमन चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि इस अखंड रामायण सम्मेलन का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरण, संस्कारों महत्वपूर्ण होते हैं।



### विश्वकर्मा समाज का 18 सर्कल भंग

**अरंड (पिथौरा)।** विश्वकर्मा समाज ने सामाजिक जनों से अफवाहों से बचने की अपील की है। बताया गया कि विश्वकर्मा समाज में कुछ ऐसे असामाजिक प्रवृत्ति के लोग हैं जो कि अपने समाज की बेटी जिनकी मंगनी, सगाई होने वाली है, उनके घर-घर जाकर घरवालों को मना कर रहे हैं कि लड़की उन लोगों को मत देना, क्योंकि, वे लोग नाई समाज और खड़िया समाज जुड़े हैं। ऐसे 18 सर्कल के पदाधिकारियों द्वारा गांव-गांव में जाकर अफवाह फैला रहे है। 18 सर्कल को भोथलडीह मीटिंग में भंग कर दिया गया है। छग फुलझरिया विश्वकर्मा समाज द्वारा अपील की गई है कि कथित 4-5 व्यक्तियों की बातों में ना आएं।



### छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के लिए सोनासिल्ली के दो युवकों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

ग्राम सोनासिल्ली के दो नवयुवकों का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में हुआ है। हेमलाल ध्रुव (सूबेदार) और झरियार ध्रुव (प्लाटून कमांडर) के दीक्षांत समारोह के बाद प्रथम आगमन पर पूरे ग्रामवासियो ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत किया और आतिशबाजी भी की। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव ने हेमलाल ध्रुव पिता दुलार ध्रुव व माता विशाखा ध्रुव और झरियार ध्रुव पिता राजाराम ध्रुव व माता कुंवरबाई ध्रुव का भी गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि युवकों ने जहां मेहनत, अनुशासन से ये मुकाम हासिल किया, वो ग्राम के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। इनके आगमन से उल्लास का माहौल है। युवाओं के पुलिस सेवा में चयन होने पर सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव, उपसरपंच जितेंद्र ध्रुव, युवा कांग्रेस नेता विक्की यादव एवं ग्राम के प्रमुख भारत पटेल, उत्तम साहू, नोहर बांधे, नेतराम चौधरी, दुष्यंत यादव, जागेश्वर ठाकुर, डागेश्वर यादव, मिंटू ध्रुव, छबि पटेल ने हर्ष जताया है।

## सब इंस्पेक्टर प्रशिक्षण के बाद प्रथम आगमन पर ग्राम पचरी में प्रदीप का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप





ग्राम पंचायत पचरी में प्रशिक्षण के बाद प्रदीप कुमार दीवान पिता कुलदीप दीवान पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के रूप में पहली बार गृह गांव लौटने पर गांव के प्रदीप दीवान का ग्रामीणजनों द्वारा ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। नशे के लिए बदनाम गांव से प्रदीप की सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरक संदेश लेकर आया है। यह क्षण पूरे गांव के लिए गर्व का विषय रहा। स्वागत के दौरान पवन डड़सेना, देवकुमार, जगन्नाथ, हेमंत, जनक, चूड़ामणि डड़सेना, उमेश, होमेश्वर, राजेश, मनीराम, घासू राम, जीतू, अमृत, जगदीश, टिकेश्वर, गेंद राम, पिंटू, सोहन, धर्मेंद्र, मोनू, लीलाधर, मनोहर, लोकनाथ, राम कुमार, मोहित, विजय, छोटू, पंकज, सुरेश, मिथलेश समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 85224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह व सिंघनपुर में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि भक्त शिरोमणि कर्मा देवी (कर्माबाई) 17वीं शताब्दी (1615-1702) की एक महान कृष्ण भक्त थीं, जिनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले के कालवा गांव में हुआ था। वे अपनी निश्छल भक्ति से भगवान कृष्ण को अपने हाथ से बना खिचड़ा खिलाने के लिए प्रसिद्ध हैं।

## नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती आज

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए पुरोहित जवाहर त्रिदेवी ने बताया कि सुबह 11 बजे आरती, प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे भंडारा एवं भजन, शाम 4 बजे रामायण पाठ, 6 बजे भजन व 7 से 8 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। रात्रि 8 बजे सवा लाख बाती की महाआरती व छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर समिति के बीएन गुप्ता, बसंत ठाकुर, बलराम लालवानी, मूलचंद लढ्ढा, धर्मेंद्र साकरकर, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, कमल राठी, दीपक रूपरेला, नरेश चंद्राकर, कल्लू सोनी, राजेश ठाकुर, विनोद महोबिया, नरेश राठी, उमाशंकर चंद्राकर, सौरभ मालू, पूनम साहू, सुशील शुक्ला, गुमान ठाकुर, हितेश माकड़े आदि सदस्य कार्यक्रम में जुटे हुए है।

## लभराखुर्द में श्रीमद भागवत कथा कल से

**महासमुंद।** रेस्ट हाउस के सामने ग्राम लभराखुर्द में 3 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पंडित सूर्यकांत शास्त्री महाराज होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक होगी। 3 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदीपूजन, गौकर्ण कथा, 4 अप्रैल को शुकदेव प्रकाष्ठ, परीक्षित जन्म, 5 अप्रैल को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र 6 अप्रैल को जड़भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, 7 अप्रैल को श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, नंद महोत्सव, 8 अप्रैल को कृष्णा बाल लीला, माखन लूट, गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल को महारास प्रसंग, रुखमणि मंगल, 10 अप्रैल को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढौत्तरी, 11 अप्रैल को गीता पाठ, दान, हवन, पूर्णाहुति, महाप्रसादी होगी। आयोजक कौशल्या चंद्राकर, परमेश्वरी -चूड़ामणि चंद्राकर, भूमिका-नीलमणि चंद्राकर परिवार है। चूड़ामणि चंद्राकर ने भक्तगणों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# छात्रों ने किया सिरपुर में पुरातात्विक स्थल एवं कोडार इको क्षेत्र और जलाशय का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान द्वारा 30 मार्च को विद्यार्थियों के लिए इको टूरिज्म आधारित एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। सिरपुर-कोडार के इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 41 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा के मार्गदर्शन एवं रूसा प्रभारी पीयूष कुमार के नेतृत्व में किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को महासमुंद जिले के सिरपुर में पुरातात्विक स्थल एवं कोडार इको क्षेत्र और जलाशय का अवलोकन कराया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इको टूरिज्म का व्यावहारिक जान प्रदान करना, पुरातात्विक स्थल के महत्व से परिचित कराना, इको टूरिज्म के रोजगार के अवसरों को बताना तथा पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था।





विश्व के सबसे विस्तृत बौद्ध पुरास्थल सिरपुर में विद्यार्थियों को लक्ष्मण मंदिर और सुरंग टीला का विस्तार से अवलोकन कराया गया। इसके लिए उदल राम रात्रे ने गाइड के बतौर विद्यार्थियों को सिरपुर पूरा स्थल के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं। विद्यार्थियों ने लक्ष्मण मंदिर परिसर स्थित तीन संग्रहालयों का भी भ्रमण किया और क्षेत्र के पुरातत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां लीं। उपरांत विद्यार्थी कोडार जलाशय क्षेत्र स्थित एक कैंप के भ्रमण पर पहुंचे। यहां उन्होंने पर्यावरण आधारित पर्यटन में रोजगार की संभावनाओं को समझा। उन्होंने कोडार बांध में मछली उत्पादन और बांध के अपवाह क्षेत्र में पक्षियों को भी देखा। महाविद्यालय लौटने पर विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण पर आधारित अपनी अपनी रिपोर्ट में अपने अनुभव को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस शैक्षिक भ्रमण के सफल आयोजन में डॉ भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र), धात्री चक्रधारी (अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र) और आदिल अहमद (अतिथि क्रीड़ा अधिकारी) का सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिवद्धता व्यक्त की है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

### स्मरण : शहीद स्मारक में वीर जवानों दी गई श्रद्धांजलि

# सुरक्षा बलों के अदम्य साहस के कारण ही प्रदेश नक्सल मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के महायज्ञ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के सम्मान में महासमुंद के शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं व भाजपा पदाधिकारीगण और नागरिकों ने उपस्थित होकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के कारण ही आज प्रदेश नक्सल मुक्त हुआ है, इस कारण छत्तीसगढ़ विकास और शांति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शाम 6:30 बजे आयोजित इस गरिमामयी सभा में शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किए गए और पूरे वातावरण में देशप्रेम की लहर दिखाई दी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों का बलिदान ही आज प्रदेश में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाए।




### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, राज्य आयुक्त गाइड सुधा साहू, मंडल महामंत्री द्वय अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, युवा मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पार्षदगण माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, प्रीति बादल मक्कड़, धनेश्वरी साहू, कल्पना सूर्यवंशी, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, सोनाधर सोनवानी, पप्पू ठाकुर, भाजयुमो जिला मंत्री जतिन रूपरेला, पूनम निषाद, गीतिका सोनी, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष एवं पार्षद निश्चय चंद्राकर, भगवती करकशे, सारिका यादव, पुष्पांजलि सिन्हा, अभिषेक पांडे, दीपक राव, आदि दुबे, रोशन बग्गा, गोपाल प्रधान, गौरव राठी, भुनेश्वर साहू, हनीश बग्गा, अमित राय, कुंदन साव, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभम बाग, आयुष दुबे, हरेंद्र जांगडे, पवन साहू, यशवंत सूर्यवंशी, देवा पटेल, अशोक पटेल, अंकित सूर्यवंशी, कमल साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए खल्लारी विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं पूर्व ससदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष ढालूराम साहू ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,येतराम साहू, साहू संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष धरम साहू सहित लक्ष्मण कुमार साहू, मनोहर साहू, मंगतूराम साहू, देवेश साहू, श्याम कुमार साहू, बसंत कुमार साहू, राम साहू, बुंदा बाई नायक, शिवराम साहू, उर्मिला साहू, प्रीतम साहू, सरला साहू, गायत्री साहू, लालाराम नाग, संतराम साहू एवं अलखराम साहू उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन भक्ति, त्याग एवं समर्पण का प्रतीक है, जो हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने माता कर्मा को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डिगम राम साहू एवं राजेंद्र साहू द्वारा किया गया।

## छिबर्रा स्कूल में लगा निःशुल्क आरोग्य शिविर, 52 लोग हुए लाभान्वित

**महासमुंद।** एकल अभियान संच कोमाखान के तत्वावधान में सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन की सहयोग से निःशुल्क आरोग्य शिविर विद्यालय ग्राम छिबर्रा में आयोजित किया गया। जिसमें 52 रोगी महिला व पुरुष का इलाज़ किया। जिसमें शुगर, बीपी चेक किया गया तथा चांज कर रोग के अनुसार कमजोरी, शुगर, ब्लड बढ़ाने, हाथ-पैर दर्द का आयुर्वेदिक दवाई व टॉनिक निःशुल्क वितरण किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को स्वास्थ लाभ पहुंचाना है। इस शिविर में मुख्य चिकित्सक एवं योगाचार्य आर्य प्रकाश चंद्राकर, खेमराज साहू (अंचल गतिविधि प्रमुख महासमुंद), राधेश्याम दीवान (संच प्रमुख भुरकोनी), मदन लाल साहू (संच प्रमुख कोमाखान), चंद्रिका ताड़ी (आचार्य छिबर्रा), बिंदा पांडे (आचार्य सिमगाव), रूखमणि पटेल (आचार्य बैगाखम्हरिया), संतोषी ध्रुव (आचार्य डोंगाखम्हरिया), ममता साहू (आचार्य नवागांव) तथा ग्राम समिति छिबर्रा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी मदन साहू ने दी है।

## विधायक से मुलाकात, मां शीतला का छायाचित्र किया भेंट



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर नगर के प्रमुख नेता व जनप्रतिनिधियों ने नगर कुलदेवी मां शीतला का छायाचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, आबकारी विभाग विधायक प्रतिनिधि राजू साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्तम निर्मलकर, मंडल महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, नेता प्रतिपक्ष भुनेश्वर साहू, पार्षद दुकालू ध्रुव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी डोमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शुभम टंडन, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य कुंदन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध एवं 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आप करेगी आज विद्युत कार्यालय का घेराव

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करेगी। इसमें प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि ना की जाये तथा पहले से बढ़ी हुई दर कम की जाए। क्योंकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली राज्य है। बड़े बकायादारों उद्योगपतियों और सरकारी विभाग जिनका करोड़ों का बिल बकाया है उनसे बिल वसूली की जाए, अन्यथा उनका कनेक्शन काटा जाये। स्मार्ट मीटर जिसमें रिचार्ज ख़त्म होने पर कनेक्शन कट जाता है उसमें सुधार किया जाए अथवा स्मार्ट मीटर की बजाय पुराना मीटर लगाया जाए। बिजली कंपनियां अपना खर्च कम करें जिससे कंपनियों को घाटा नहीं होगा और इसकी वसूली आम जनता की जेब से नहीं करनी पड़ेगी। असमय बिजली कटौती खासकर ग्रामीण इलाकों में कटौती बंद किया जाए। ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री का फ्री में उपलब्धता एवं परिवहन सरकार सुनिश्चित करे, क्योंकि आज भी कई जगह ग्रामीणों से पैसे लेकर विधुत सामग्री प्रदान की जा रही है, जिसमें निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी संलिप्त है, इन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाए। किसानों के अस्थायी विद्युत कनेक्शन को राज्य शासन द्वारा निर्धारित टारगेट व्यवस्था को समाप्त कर तत्काल स्थायी किया जावे। मुनगासेर, पिथौरा, सरायपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए। इन मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी 2 अप्रैल को महासमुंद जिला मुख्यालय में स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी। उक्त जानकारी राकेश झाबक जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी महासमुंद ने दी है।

# सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसाडीह से लहंगर एवं ग्राम लहंगर से पीढ़ी सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि काफी समय से उक्त सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा और ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। बता दें कि ग्राम लहंगर से पीढ़ी कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 466.19 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। वहीं ग्राम परसाडीह से लहंगर कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 629.93 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

बता दें कि बजट वर्ष 2024-25 में महासमुंद अंतर्गत शामिल कई निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सुशासन की सरकार प्रदेश में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र तक विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। इससे प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जाएगा। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक-एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



### ग्रामीणों ने कहा लंबे समय से थी मांग

सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्राम लहंगर एवं परसाडीह के ग्रामीण बुधवार को विधायक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय से सड़क की मांग की जा रही थी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से कार्यों को स्वीकृति मिली है, इसलिए वें उनका धन्यवाद ज्ञापित करने आए हैं। इस अवसर पर राधेलाल सिन्हा, मनराखन ठाकुर, गौतम मराई, संतोष सोनकर, थनवार धगारे, कुमान ध्रुव, रामप्रसाद, पंचराम, लीलाधर सिन्हा, जयसिंग ध्रुव, हीराराम ध्रुव, छेदूराम ध्रुव, लोभान दीवान उपस्थित थें।

# धनिया की खेती से प्रति एकड़ 50 हजार रुपए कमा रहे किसान निरंजन

## मसाला क्षेत्र विस्तार योजना से मसाले की खेती की ओर बढ़ रहा रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा के प्रगतिशील किसान निरंजन पटेल ने अपनी मेहनत और नवाचार से खेती में अच्छी सफलता प्राप्त की है। निरंजन पटेल बताते हैं कि वे पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें उन्हें अधिक लागत और अपेक्षाकृत कम उत्पादन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वर्ष 2025-26 में उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार योजना के तहत धनिया की खेती अपनाई। उन्होंने अपनी



0.40 हेक्टेयर पूरी सिंचित भूमि में उन्नत किस्मों कस्तूरी धनिया एवं अंकुर धनिया का उत्पादन प्रारंभ किया। आधुनिक तकनीक के रूप में उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया, जिससे जल की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हें 0.40 हेक्टेयर के लिए 8000 का अनुदान डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया, जिससे उन्हें प्रारंभिक लागत में राहत मिली। पूर्व में जहां वे धान की खेती से प्रति एकड़ लगभग 21 क्विंटल उत्पादन प्राप्त करते थे और लगभग 30,000 की सीमित आय होती थी, वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्होंने लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त किया। धनिया की खेती से उनकी कुल आय बढ़कर लगभग 50,000 प्रति एकड़ हो गई। पटेल अपनी उपज का विक्रय पिथौरा एवं बागबाहरा मंडियों में करते हैं। वर्तमान में वे अपने कार्य से अत्यंत संतुष्ट हैं। उनकी इस सफलता को देखकर आसपास के अन्य किसान भी उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

